# विषय : हिन्दी विशिष्ट Set-B

**निर्देशः**— सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देशः**— (i) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न खण्ड–अ–ब में विभाजित है, इस प्रश्न में निर्धारित अंक 10 हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 में 8 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 14 से 25 में सभी प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।

## खण्ड 'अ'

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) सुमित्रानंदन पंत को कहा जाता है :

(क) राष्ट्र कवि (ख) भक्त कवि

(ग) आदि कवि (घ) प्रकृति का सुकुमार कवि

(ii) शृंगार रस का स्थायी भाव है :

(क) हास (ख) उत्साह

(ग) रति (घ) क्रोध

(iii) दीपदान है :

(क) कहानी (ख) उपन्यास

(ग) नाटक (घ) एकांकी

(iv) शरद जोशी हैं :

(क) समालोचक (ख) आलोचक

(ग) व्यंग्कार (घ) कहानीकार

(v) हिन्दी साहित्य के इतिहास का स्वर्णकाल कहा जाता है :

(क) भक्ति काल (ख) रीति काल

(ग) आधुनिक काल (घ) आदि काल

## खण्ड 'ब'

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएं :

(i) महादेवी वर्मा को आधुनिक काल की .................. कहते हैं।

(ii) रामचरितमानस एक .................. है।

(iii) मधुलिका .................. की पुत्री थी।

(iv) पंडवानी .................. का छत्तीसगढ़ी संस्करण है।

(v) संत कँवरराम के गुरु का नाम .................. था।

2. मधुलिका ने महाराज से कौन-सी भूमि माँगी?

3. उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

4. नोबल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय कौन थे? उन्हें यह पुरस्कार क्यों मिला

5. किन्हीं **दो** महाकाव्यों एवं उनके रचनाकारों के नाम बताइये।

6. गुरु घासीदास का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) महादेवी वर्मा विद्वान महिला थीं।

(ii) श्री कृष्ण के अनेकों नाम हैं।

8. संसार की उन्नति में मजदूरों का क्या योगदान है?

9. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) जो बहुत बोलता हो।

(ii) उपकार को न मानने वाला।

(iii) जो कम व्यय करता हो।

10. सामली ने आकर पन्ना धाय को क्या सूचना दी?

11. स्थायी भाव व संचारी भाव में कोई **तीन** अंतर स्पष्ट कीजिए।

12. अस्पृश्यता संबंधी गाँधीजी के विचारों का उल्लेख कीजिए।

13. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये:

(i) अंधे की लकड़ी। (ii) उल्टी गंगा बहाना।

(iii) ईद का चाँद होना।

14. कम्प्यूटर के प्रमुख अंगों के नाम तथा उनका संक्षिप्त परिचय लिखिए।

**अथवा**

शंखधारी व्यक्ति केवल उत्तर दिशा की ओर मुँह करके शंखनाद क्यों करना चाहता है? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

15. गूँगे और ज्ञानी की तुलना कर कबीरदासजी क्या कहना चाहते हैं?

**अथवा**

श्री कृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता को किस प्रकार दूर किया?

16. 'पंतजी ने कविता में मानवीकरण किया है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

उत्साह एवं साहस में कोई **चार** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

17. छत्तीसगढ़ अंचल की प्रमुख **चार** जातियों में पूजित देवताओं के नाम बताइए।

**अथवा**

गांधीजी के जीवन में हास्य प्रवृत्ति का बहुत महत्त्व था। किन्हीं **दो** संस्मरणों के आधार पर उत्तर दीजिए।

18. डॉ. रामकुमार वर्मा **अथवा** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ कोई **दो** (ii) भाषा–शैली (iii) साहित्य में स्थान।

19. महादेवी वर्मा **अथवा** सूरदास का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिये।

(i) रचनाएँ कोई **दो**

(ii) भावपक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

(iii) कला पक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

20. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

'' साधना का एक चरम क्षण व्यर्थ जा रहा है बाबू! मैंने सात दिनों तक मंत्र साधना करके इस शंख में वह शक्ति उत्पन्न की है कि जिधर फूँक दूँ वही दिशा भस्म हो जाए, पर मुझे यह बताने वाला कोई नहीं है कि उत्तर दिशा कहाँ है? कहाँ है उत्तर दिशा, कहाँ है?''
''उन्होंने व्यथित स्वरों से कहा और शंख हाथ में लेकर चारों ओर घूमने लगे और उनके साथ मैं भी घूमने लगा।''

**अथवा**

'' चारों ओर अँधेरा था, घरौंदो के पीछे, उन मकान कहलाने वाले घरौंदो के, जहाँ दिन-रात की मजदूरी से थका - माँदा जीवन बिना लहराए टकराता और टकरा-टकरा कर टूट जाता था और ये घरौंदे उसी तेजी से गला-पचा जीवन उगलते थे, जिस तेजी से दीवारों के पीछे कारखानों में तैयार माल।''

21. मधुलिका की **पाँच** चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

**अथवा**

सद्य:स्नाता रमणी के सौंदर्य की तुलना वर्षा से क्यों की गई है? प्रकाश डालिए।

22. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये :

नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्दर है,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन है,
बंदी जन खग-वृंद, शेष फन सिंहासन है,
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुणमूर्ति सर्वेश की।।

**अथवा**

कबहूँ ससि माँगत आरि करैं,
    कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं।
कबहूँ कर ताल बजाय कै नाचत,
    मातु सबै मन मोद भरैं।।
कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै,
    पुनिलेत सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा,
    तुलसी मन मंदिर में बिहरैं।

23. आपका नाम विशाल राम मंडावी है। आप शा. बालक उ. मा. विद्यालय राजनांदगाँव में कक्षा दसवीं के छात्र हैं। नगर निगम आयुक्त राजनांदगाँव को अपने मोहल्ले में सफाई न होने की शिकायत कीजिए।

**अथवा**

अमने मित्र रमेश दुग्गा को हाईस्कूल परीक्षा प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण होने पर एक बधाई पत्र लिखिए।

24. किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दो में सारगर्भित निबंध लिखिए :

(i) देश में बढ़ता भ्रष्टाचार।
(ii) शिक्षा का अधिकार।
(iii) वर्तमान में कम्प्यूटर का महत्त्व।
(iv) पर्यावरण-प्रदूषण कारण और निवारण



25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

''स्वस्थ शरीर के लिये व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम दो प्रकार का होता है—मानसिक और शारीरिक। पढ़ना, लिखना मनन-चिन्तन मानसिक व्यायाम के अंग हैं। घूमना, कसरत करना आदि शारीरिक व्यायाम कहलाता है। मानसिक व्यायाम के पश्चात् शरीर को विश्राम देना चाहिए। इसके साथ ही यह सत्य है कि मानसिक और बौद्धिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। जो लोग शारीरिक व्यायाम को अपने जीवन का लक्ष्य बना लेते हैं, उनके लिये व्यायाम का क्षेत्र अलग है। ऐसे लोगों के लिये यह व्यायाम आगे चलकर पहलवानी का उद्देश्य बन जाता है।''

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।
(ii) व्यायाम कितने प्रकार के होते हैं?
(iii) मानसिक व्यायाम के अंग कौन-कौन से हैं?
(iv) मानसिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिये क्या आवश्यक है?
(v) स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है?